प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,गुरुवार,19 जून2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com

Operation Sindhu

मिसाइलों की तेज आवाज डराती थी', संकटग्रस्त ईरान से भारत लौटे छात्रों ने बताई आपबीती

ईरान में फंसे भारतीय छात्र गुरुवार सुबह भारत लौटे। ऑपरेशन सिंधु के तहत 110 भारतीय छात्रों का जत्था भारत पहुंचा। अपने वतन वापसी पर सभी छात्र और उनके परिजन खुश नजर आए। इस बीच छात्रों ने ईरान के बिगड़ते हालात के बारे में बात की।इस्राइल-ईरान तनाव के बीच ईरान में फंसे भारतीय छात्र गुरुवार सुबह भारत लौटे। ऑपरेशन सिंधु के तहत 110 भारतीय छात्रों का जत्था भारत पहुंचा। अपने वतन वापसी पर सभी छात्र और उनके परिजन खुश नजर आए। इस बीच छात्रों ने ईरान के बिगड़ते हालात के बारे में बात की। छात्रों ने बताया कि ईरान में हालात बेहद खराब हैं। मिसाइलों की तेज आवाज हमें डराती थी। यासिर गफ्फार नाम के छात्र ने बताया कि हमने रात में मिसाइलों को ऊपर से जाते देखा और जोरदार धमाकों की आवाजें सुनीं। डर का माहौल था, लेकिन अब भारत पहुंचकर राहत मिली है। हमने अपने सपनों को अभी नहीं छोड़ा है और हालात सुधरने पर वापस ईरान लौटेंगे। सरकार की इस कार्रवाई के लिए छात्र और उनके परिवारों ने आभार जताया है। एक अन्य छात्र ने कहा कि ईरान की स्थिति खराब है और लोग डरे हुए हैं। भारत सरकार ने हमें निकाला।

Rain Alert

मौसम विभाग ने अगले दो से चार दिन तक केरल से पश्चिम बंगाल व असम से ओडिशा तक भारी बारिश की चेतावनी दी है। पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है।केरल में समय से एक सप्ताह पहले दस्तक देने और फिर कुछ दिनों की सुस्ती के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून फिर तेजी से आगे बढ़ने लगा है। मानसून ने बुधवार को उत्तर प्रदेश और राजस्थान में दस्तक दी। मानसून के प्रभाव से पूर्वोत्तर से मध्य, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत समेत 20 से अधिक राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। आंध्र प्रदेश समेत कुछ तटीय राज्यों में तेज हवाएं भी चल रही हैं। अगले दो से पांच दिन में कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। वर्षाजनित घटनाओं में गुजरात और बिहार में 16 लोगों की मौत हो गई है।मौसम विभाग के अनुसार यूपी के बलिया, मऊ, गाजीपुर व सोनभद्र समेत कई हिस्सों में मानसून पहुंच गया है। हालांकि, पांच दिन की देरी से पहुंचा। राजस्थान में तय समय से एक सप्ताह पहले ही मानसून पहुंच गया। दोनों ही राज्यों में भारी बारिश हो रही है, जो दो-तीन दिन तक जारी रह सकती है। मानसून उत्तरी अरब सागर, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों में भी आगे बढ़ा है। मौसम विभाग ने अगले दो से चार दिन तक केरल से पश्चिम बंगाल व असम से ओडिशा तक भारी बारिश की चेतावनी

सिंगापुर-हांगकांग में संक्रमण फैला रहे कोरोना वेरिएंट 2 केस भारत में पुणे-चेन्नई में सामने आए मरीज

कोरोना के एनबी.1.8.1 (निमबस) नामक नए वेरिएंट के भारत में केवल दो मामले दर्ज हुए हैं जिनमें से एक चेन्नई से और एक पुणे से। दोनों मामलों में लक्षण मध्यम स्तर के पाए गए हैं।सिंगापुर-हांगकांग में कोरोना संक्रमण की नई लहर लाने वाला वेरिएंट अब भारत में भी मिला है। पुणे और चेन्नई में एक एक मरीज सामने आया है जिनमें निमबस वेरिएंट का पता चला है। पुणे स्थित आईसीएमआर के एनआईवी ने जीनोम सीक्वेंसिंग में इसकी पुष्टि की है। विश्व स्तर पर एनबी.1.8.1 (निमबस) नामक नया वेरिएंट कई देशों सिंगापुर और हांगकांग में संक्रमण की लहर ला रहा है।भारत में अब तक इस वेरिएंट के केवल दो मामले दर्ज हुए हैं जिनमें से एक चेन्नई से और एक पुणे से। दोनों मामलों में लक्षण मध्यम स्तर के पाए गए हैं। आईसीएमआर के पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने जारी नवीनतम जीनोमिक विश्लेषण में बताया कि बीते अप्रैल 2025 के दूसरे सप्ताह से कोविड- 19 के मामलों में आई तेजी के पीछे ओमिक्रॉन के उप स्वरूप जेएन.1.16 का हाथ था, जिसे अब एक्सएफजी (एसएफ.7 और एलपी.81.2) नामक नया पुनः संयोजित वेरिएंट पीछे छोड़ चुका है। आईसीएमआर-एनआईवी पुणे के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा है कि नया वेरिएंट अधिक खतरनाक नहीं है,

तमिलनाडु में जिहादी नेटवर्क पर NIA की कार्रवाई

बुधवार को एनआईए ने कट्टरपंथी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इसके तहत एजेंसी ने इस्लामी शासन स्थापित करने की साजिश में शामिल चार और कट्टरपंथियों को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया। आरोपी अरबी कक्षाओं की आड़ में युवाओं को जिहादी विचारधारा से कट्टरपंथी बना रहे थे। तमिलनाडु में कट्टरपंथी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत एजेंसी ने बुधवार को तमिलनाडु में कट्टरपंथी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर देश में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए हिंसक जिहाद और सशस्त्र संघर्ष को बढ़ावा देने का आरोप है। बता दें कि यह मामला 2022 कोयंबटूर कार बम विस्फोट मामले से जुड़ा है, जिसमें एनआईए ने अब तक कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अहमद अली, जवाहर सातिक, राजा अब्दुल्ला उर्फ एमएसी राजा और शेख दाऊद के रूप में हुई है।

केरल हाईकोर्ट से लाइबेरियाई जहाज की सशर्त गिरफ्तारी का आदेश ओडिशा में पेड़ से लटका मिला युवती का शव

मालवाहक जहाजों की सुरक्षा और समुद्री उत्तरदायित्व से जुड़े एक अहम मामले में केरल हाईकोर्ट ने बुधवार को लाइबेरियाई जहाज एमएससी पोल द्वितीय की सशर्त गिरफ्तारी का आदेश दिया है। यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक इस मालवाहक जहाज की मूल कंपनी एमएससी मेडेटेरियन शिपिंग कार्पोरेशन एसए ₹73.49 लाख की सुरक्षा राशि जमा नहीं कर देती है। हाईकोर्ट का यह आदेश हाल में केरल तट पर एमएससी एल्सा-3 के डूबने के कारण माल की हानि के लिए समुद्री दावे से जुड़ा है। जस्टिस एमए अब्दुल हकीम ने यह आदेश केरल की काजू कंपनी सैंस कैश्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर याचिका पर दिया। कंपनी ने अपनी याचिका जिसमें आरोप लगाया गया था कि 24-25 मई के बीच एमएससी एल्सा 3 के डूबने के बाद उसके माल से भरे कंटेनर समुद्र में खो गए थे। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की विजिटर और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोफेसर प्रकाश सिंह को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्रकाश सिंह अगले पांच साल तक के लिए कुलपति के पद पर कार्य करेंगे। पश्चिम बंगाल के खेल और युवा मामलों के मंत्री अरूप बिस्वास ने विधानसभा में जानकारी दी कि राज्य सरकार ने

खेल ढांचे को मजबूत करने के लिए अब तक आठ खेल अकादमियां स्थापित की हैं। विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान उन्होंने बताया कि जलपाईगुड़ी में 27 एकड़ ज़मीन पर 50 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक खेल अकादमी तैयार की गई है।मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार 1,557 खिलाड़ियों को हर महीने वित्तीय सहायता देती है। इसके अलावा, 2026 संतोष ट्रॉफी जीतने वाली बंगाल टीम के 22 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। आरूप विश्वास ने कहा कि हमें प्रतिभा की पहचान के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) का सहयोग चाहिए। अगर केंद्र सरकार सहयोग नहीं करती, तो राज्य सरकार अपने दम पर यह काम करेगी।हैदराबाद से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक 28 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार, उसने अपनी नौकरी में रुचि न होने के कारण यह कदम उठाया। घटना मंगलवार रात की है, जब उसने एक होटल के कमरे में हीलियम गैस कर अपनी जान दे दी। आत्महत्या से पहले लिखे गए पत्र में उसने बताया कि वह लंबे समय से आत्महत्या के विचारों से गुजर रहा था और चार्टर्ड अकाउंटेंसी का चयन करने के अपने निर्णय पर पछता रहा था। उसने स्पष्ट किया कि उसका यह कदम काम के दबाव के कारण नहीं था।ओडिशा के क्योंझर जिले में एक 17 वर्षीय लड़की का शव पेड़ से लटका मिला। लड़की के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या के पहले सामूहिक बलात्कार किया गया

Aaj Ka Rashifal 19 June

कर्क और सिंह राशि वालों की भौतिक सुख-सुविधाओं में होगा इजाफा, पढ़ें दैनिक राशिफल

Rashifal Today 19 June: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 19 जून 2025 का राशिफल...आज 19 जून, गुरुवार का दिन है। आज के दिन सिद्ध और अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है

मेष राशि

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के रिश्ते में एक नया मोड़ आएगा, जिसमें उन्हें थोड़ा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। जीवन साथी को किसी नई नौकरी की प्रप्ति हो सकती है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। आप लेनदेन से संबंधित कामों पर पूरा ध्यान दें। आपकी कोई डील बनते-बनते बिगड़ सकती हैं। आपकी कुछ विशेष व्यक्तियों से मुलाकात होगी।

वृषभ राशि

आज का दिन आपके लिए व्यवहार में बदलाव लाने के लिए रहेगा। आपके मनमाने व्यवहार से लोग परेशान रहेंगे, लेकिन कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे और आपके जूनियर भी आपका पूरा साथ देंगे और किसी काम को लेकर थोड़ा समझदारी दिखानी होगी। नौकरी में आपके बॉस कामों की सराहना करेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी, लेकिन आप काम के साथ-साथ सेहत पर भी पूरा ध्यान देंगे।

मिथुन राशि

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने भाई-बहनों से कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में कोई बदलाव न करें। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको टीम वर्क जरिए काम करके किसी काम को समय से पहले पूरा करके देंगे। आपको अपने कामों को धैर्य और संयम से निपटाने की आवश्यकता है।

कर्क राशि

आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे, जिन्हें आप बिजनेस में तुरंत आगे बढ़ाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी को धन उधार देने से बचना होगा। बिजनेस में भी आपका कोई नुकसान हो सकता है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। आप संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें। अपने घर के निर्माण का भी कार्य शुरू कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

सिंह राशि

आज का दिन सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी, लेकिन आपको किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो समस्या हो सकती है। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। यदि आप किसी पैतृक संपत्ति को लेकर लड़ाई झगड़ा चल रहा है, तो उसे आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद से निपटाने की आवश्यकता है। सरका

कन्या राशि

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। जीवनसाथी से यदि कुछ मतभेद चल रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। यदि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याओं को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो आप बदलाव करने की सोच सकते हैं, जिसके लिए आपको गुरुजनों से सलाह की आवश्यकता होगी। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई डील फाइनल हो सकती है। आपको वाहनों का प्रयोग भी थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

तुला राशि

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको परिवार में बड़े सदस्यों की सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके गलत खान-पान के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। आपकी कला-कौशल में सुधार आएगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। नौकरी में यदि आप बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो आपके वह इच्छा पूरी हो सकती है। आपको परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से काम करने का मौका मिलेगा। आपका कोई रुका हुआ काम समय से पूरा होगा, जो आपको खुशी देगा। आप यदि कहीं घूमने-फिरने जाएं, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

धनु राशि

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका धन यदि कहीं अटका हुआ था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक मूड में रहेंगे और उन्हें कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आप अपने बिजनेस में कुछ नयी योजनाओं को लेकर बातचीत करेंगे। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपनी किसी मित्र के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम आसानी से कर सकेंगे।

मकर राशि

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने घर और बाहर दोनों के कामों में तालमेल बनाकर चले, नहीं तो परिवार में सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं। आप अपने बिजनेस के कामों में कोई बदलाव बहुत ही सोच समझकर करें। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं के पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपको किसी काम को लेकर जोखिम लेने से बचना होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

कुंभ राशि

आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत बहुत ही देखभाल कर करने की आवश्यकता है। आप किसी पर आंख बंद करके भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपको धोखा दे सकता है। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपकी सेहत में यदि गड़बड़ चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। आपको अपने किसी पारिवारिक मामले को भी मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लग सकती हैं।

मीन राशि

आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको किसी काम को लेकर मानसिक तनाव बना रहेगा। यदि आपका कोई संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। माता पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। कार्य क्षेत्र में आप काम को लेकर किसी से सलाह ना लें। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। संतान से किए हुए वादे को आप आसानी से पूरा कर सकेंगे।

आज 19 जून, गुरुवार का दिन है। आज के दिन सिद्ध और अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है जो बहुत ही फलदायी साबित होगा। इसके साथ बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है जिसके कारण सभी 12 राशि वालों में से ज्यादतर राशियों को भाग्य का साथ मिलेगा। जो लोग नौकरीपेशा हैं उनको आज के दिन कोई बड़ा फायदा हो सकता है।दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

Simmi Chaudhary Murder

गला रेतने पर खून का फव्वारा छूटा; चाकू से शीतल पर किए आठ वार, चेहरे और छाती पर हमला

शीतल की हत्या के आरोपी सुनील को लेकर पुलिस मौका ए वारदात पर पहुंची। क्राइम सीन को री-क्रिएट किया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया। सीआईए-वन की टीम सुनील को सबसे पहले अहर गांव स्थित गोशाला में लेकर गई। यहां से ही वह शीतल को कार में बिठाकर ले गया था। यहां से क्राइम सीन री-क्रिएट करना शुरू किया।हरियाणा की मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी की गला रेतकर हत्या कर दी गई और शव को दिल्ली पैरलल नहर में फेंक दिया गया। पुलिस को हत्या के करीब 30 घंटे बाद सोनीपत के खांडा गांव में एनसीआर वाटर चैनल से उसका शव मिला। पुलिस ने मामले में शीतल के इसराना निवासी दोस्त सुनील को गिरफ्तार किया है।शीतल की हत्या के आरोपी सुनील को लेकर पुलिस मौका ए वारदात पर पहुंची। क्राइम सीन को री-क्रिएट किया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया। उसने बताया कि हत्या के बाद चाकू को नहर के पास ही झाड़ी में फेंक दिया था। पुलिस ने झाड़ी को जैसे ही हटाया, वैसे ही खून से सना चाकू नजर आ गया। इसे इस केस में अहम साक्ष्य माना जा रहा है। सुनील ने पूछताछ में बताया कि चाकू से शीतल पर आठ वार किए थे। इनमें से सात चेहरे और छाती पर थे। इसके बाद एक वार गले पर किया था। गला रेतने पर खून का फव्वारा छूट पड़ा था। इसके बाद 15 किलोमीटर कार चलाई।सीआईए-वन की टीम सुनील को सबसे पहले अहर गांव स्थित गोशाला में लेकर गई। यहां से ही वह शीतल को कार में बिठाकर ले गया था। यहां से क्राइम सीन री-क्रिएट करना शुरू किया। इसके उसे मतलौडा ले जाया गया। उसने बताया कि वह शीतल को शव को ऐसी जगह ठिकाने लगाना चाहता था, जहां से बरामदगी में काफी समय लगे। उसे उम्मीद नहीं थी कि शव इतनी जल्दी मिल जाएगा। उसने सोचा था कि नहर में बहकर काफी दूर चला जाएगा और बहुत देर से मिलेगा। मतलौडा से वह गाड़ी लेकर दिल्ली पैरलल नहर पर पहुंचा।








Divyendu Sharma: मिर्जापुर के 'मुन्ना भैया' ही नहीं

Divyendu Sharma Birthday: आपने दिव्येंदु शर्मा को मुन्ना भैया के किरदार में तो काफी पसंद किया। लेकिन क्या आपको पता है कि इसके अलावा भी दिव्येंदु ने कई मशहूर किरदार निभाए हैं। जानते हैं उन पॉपुलर किरदारों के बारे में।

आपको 'मिर्जापुर' सीरीज के मुन्ना भैया तो याद ही होंगे। तीसरे सीजन में मुन्ना भैया का न होना हर किसी को खला। मुन्ना भैया के किरदार से घर-घर में मशहूर होने वाले दिव्येंदु शर्मा आज अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। 19 जून 1983 को दिल्ली में जन्में दिव्येंदु ने एफटीआई से एक्टिंग के गुर सीखे हैं। दिव्येंदु ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आई माधुरी दीक्षित की फिल्म 'आजा नचले' में एक छोटी सी भूमिका से की थी। इसके बाद दिव्येंदु को पहला बड़ा रोल मिला 2011 में आई फिल्म 'प्यार का पंचनामा' में। इसके लिए उन्हें अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद दिव्येंदु कई फिल्मों में सपोर्टिंग रोल में नजर आए।दिव्येंदु को पहचान मिली 2018 में आई वेब सीरीज 'मिर्जापुर' से। इस सीरीज में उनके द्वारा निभाए गए मुन्ना भैया के किरदार ने उन्हें काफी फेमस कर दिया। मुन्ना भैया का किरदार दिव्येंदु के करियर का सबसे हिट किरदार है। लेकिन क्या आपको पता है कि मिर्जापुर के अलावा भी दिव्येंदु ने कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाई हैं। जानते हैं दिव्येंदु शर्मा के पांच मशहूर किरदारों के बारे में।2018 में आई प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में दिव्येंदु शर्मा ने मुन्ना भैया का किरदार निभाया है। वो सीरीज में एक खूंखार गैंगस्टर के बेटे के रोल में हैं, जो पावर में रहना चाहता है। यह सीरीज सुपरहिट हुई और दिव्येंदु के किरदार को काफी पसंद किया गया। इसके बाद 2020 में मिर्जापुर का दूसरा सीजन आया है। इस बार भी दिव्येंदु का मुन्ना भैया का किरदार उसी दमदार अंदाज में नजर आया। दूसरे सीजन में भी दिव्येंदु के अभिनय को सराहा गया। हालांकि, पिछले साल आए तीसरे सीजन में दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आए।2011 में आई कॉमेडी फिल्म 'प्यार का पंचनामा' में दिव्येंदु शर्मा ने निशांत अग्रवाल उर्फ लिक्विड का किरदार निभाया है। अलग-अलग प्रेम कहानियों को दिखाती इस फिल्म

विक्की जैन ने गौहर की प्रेग्नेंसी को लेकर कही ये बात

Vicky Jain Comments on Gauhar Khan: हाल ही में विक्की जैन टेलीविजन के पॉपुलर शो 'फौजी 2' से चर्चा में हैं। एक इवेंट के दौरान उन्होंने अभिनेत्री गौहर खान को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। विक्की जैन 'पवित्र रिश्ता' फेम एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति और एक अभिनेता भी हैं। अभिनेता टीवी के चर्चित शो 'फौजी 2' से एक्टिंग में डेब्यू कर रहे हैं। हाल ही में शो को लेकर एक इवेंट हुआ, जिसमें कई सेलिब्रिटी मौजूद रहे, जिनमें मनोज बाजपेयी, गौहर खान, अंकिता लोखंडे, जैद दरबार और मीरा चोपड़ा भी शामिल थे। इसी इवेंट के दौरान एक्टर विक्की जैन ने गौहर खान की प्रेग्नेंसी को लेकर बात की है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। टीवी सीरियल 'फौजी 2' के एक कार्यक्रम के दौरान विक्की जैन ने मजाक करते हुए कहा कि यह उनकी जिंदगी का पहला शो है और मेरी पहली हीरोइन (गौहर खान), वो भी प्रेग्नेंट। यह कहते हुए उन्होंने कहा कि सोचो उनके साथ क्या हुआ होगा। अभिनेता के इस रिएक्शन पर एक्ट्रेस गौहर खान ने कहा कि चार महीने बाद प्रेग्नेंट हुई थीं। इस पर विक्की जैन कहते हैं कि तो क्या हुआ। उनकी बातें सुनकर इवेंट में मौजूद सभी लोग हंस पड़ते हैं। विक्की जैन पहली बार बिग बॉस 17 में नजर आए थे, जिसमें अंकिता लोखंडे ने भी हिस्सा लिया था। इस शो से उन्हें अच्छी-खासी पहचान मिली। इसके बाद वह लॉफ्टर शेफ में दिखे। अब वह टीवी सीरियल 'फौजी 2' में नजर आने वाले हैं और अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने को तैयार हैं। 'फौजी 2' से बिजनेसमैन और रियलिटी शो स्टार विक्की जैन

बोमन ईरानी ने युवाओं को दी सलाह

Boman Irani Advice to Actors: अभिनेता बोमन ईरानी ने हाल ही में युवाओं को एक नसीहत दी है। उन्होंने बताया है कि जो लोग अभिनेता बनना चाहते हैं उनको पहले क्या करना चाहिए।अभिनेता बोमन ईरानी ने 44 साल की उम्र में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने 65 साल की उम्र में अपनी पहली फिल्म 'मेहता बॉयज' का निर्देशन किया। बॉलीवुड में देर से शुरूआत करने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता बोमन ईरानी ने इस बात से इंकार किया कि बॉलीवुड जल्दी या देर में कामयाबी मौकों पर निर्भर है। एएनआई के साथ बातजीत में बोमन ईरानी ने कहा कि बॉलीवुड में देर से या जल्दी कामयाबी मिलना अभिनेताओं पर निर्भर है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभिनेताओं का काम और उनका हुनर यह तय करता है कि वह फिल्म इंडस्ट्री में जल्दी या देर में कामयाब होंगे।बोमन ईरानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि किसी को देर से मिली सफलता के लिए बॉलीवुड जिम्मेदार है। बॉलीवुड या भारतीय सिनेमा जल्दी कामयाबी मिलने या देर में कामयाबी मिलने के लिए जिम्मेदार नहीं है। हर इंसान अपनी कामयाबी या नाकामी के लिए खुद जिम्मेदार है। आप अपना भविष्य खुद बनाते हैं। मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं जो लोग सपने लेकर आते हैं, कि जरूर सपने लेकर आएं लेकिन उसके साथ हुनर भी लेकर आएं।'अभिनेता ने यूवाओं से कहा 'आप यह मत कहिए कि मैं अभिनेता बनना चाहता हूं। मैंने बहुत कोशिश की। मैंने यहां और वहां ऑडिशन दिए। आपको यह करना पड़ेगा। सवाल ये है कि आप ऑडिशन के लिए क्या लेकर आए हैं? आपने कौन सी ट्रेनिंग की है? क्या आप ड्रामा स्कूल गए, अगर नहीं गए तो क्या आपने खुद से ट्रेनिंग की? आपने कौन सी फिल्में देखीं? आपने कौन सी एक्टिंग

Dhurandhar Teaser

Ranveer Singh Movie Dhurandhar Teaser: अभिनेता रणवीर सिंह अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' में एकदम अलग अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म की टीजर रिलीज को लेकर अपडेट आया है।रणवीर सिंह की आगामी फिल्म है 'धुरंधर'। यामी गौतम के पति आदित्य धर इसे बना रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर एकदम अलग अवतार में नजर आएंगे। दर्शकों को फिल्म का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। फिलहाल उन्हें एक खास तोहफा मिलने वाला है। फिल्म की टीजर रिलीज को लेकर अपडेट आया है।फिल्म 'धुरंधर' का टीजर रणवीर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर रिलीज होगा। अभिनेता के जन्मदिन पर फैंस को तोहफा देते हुए मेकर्स फिल्म की पहली झलक पेश करेंगे। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' का टीजर रणवीर सिंह के जन्मदिन के मौके पर 6 जुलाई को रिलीज किया जाएगा।इस फिल्म का निर्देशन आदित्य धर कर रहे हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और आर माधवन जैसे कलाकार भी हैं। बीते दिनों यह फिल्म सेट से ऑनलाइन लीक हुई तस्वीरों और वीडियो की वजह से खूब चर्चा में रही। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीजर में थ्रिलर की हाई-स्टेक दुनिया की पहली झलक देखने को मिलेगी। 'धुरंधर' में रणवीर का लुक एकदम अलग होगा।

Priyanka Chopra

PRIYANKA CHOPRA WITH MALTI: प्रियंका चोपड़ा हाल ही में अपने परिवार के साथ डिज्नी वर्ल्ड पहुंची हैं। यहां पहुंच कर उन्होंने खूब मजे किए हैं। आइए देखते हैं तस्वीरें। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस इन दिनों अपने बच्चों के साथ हर पल को भरपूर तरीके से जी रहे हैं। वह हर लम्हे को सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने लिए कुछ वक्त निकाला, ताकि वह अपनी बेटी और पति के साथ कुछ वक्त बिता सकें। प्रियंका चोपड़ा अपने परिवार के साथ डिज्नी वर्ल्ड पहुंचीं। डिज्नी वर्ल्ड में प्रियंका की बेटी मालती भी पहुंची। सबने एड्रेनालाईन की यात्रा की और मिक्की माउस से मुलाकात की।प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टा स्टोरी के जरिए अपने फैंस को अपनी ट्रिप की झलक दिखाने की कोशिश की है। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि मालती अपनी दोस्त के साथ हाथ में हाथ डालकर मिकी माउस से मिलने जा रही हैं। उन्होंने रोलर कोस्टर का भी अनुभव किया। प्रियंका ने इसका वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा 'ममी की पहली रोलर कोस्टर यात्रा। हम पहले चार बार जा चुके हैं मेरे बच्चे।'प्रियंका की बेटी मालती की झलक देखकर फैंस प्रभावित हुए। प्रियंका चोपड़ा की ये क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कई यूजर्स इसकी तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने प्रियंका चोपड़ा की तारीफ की है कि वह इतनी बड़ी स्टार होते हुए भी हर दिन कहीं न कहीं घूमने जाती हैं।प्रियंका चोपड़ा के ये वीडियो पति निक जोनस के साथ फादर्स डे मनाने के बाद आए हैं। निक और मालती की कई प्यारी तस्वीरें पोस्ट करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा 'वह हमारे सपनों को हर रोज सच करते हैं। वह हमारी जिंदगी का उजाला हैं, हम आपको बहुत प्यार करते हैं। दुनिया के सबसे अच्छे पापा को पितृ दिवस की शुभकामनाएं।'प्रियंका एक प्यारी मां और पत्नी होने के साथ-साथ अपनी पेशेवर जिंदगी में भी अच्छा काम कर रही हैं।

Gold Silver Price

कमजोर वैश्विक मांग के बीच सोने के भाव में 1200 रुपये की गिरावट, चांदी चमकी कमजोर वैश्विक रुख के बीच मंगलवार को सोने की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिली। सोना 1,200 रुपये गिरकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, चांदी मामूली उछाल के साथ 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।वहीं, मंगलवार को चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर

1,07,200 रुपये प्रति किलोग्रामसभी करों सहित) हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी हाजिर 0.44 प्रतिशत बढ़कर 36.47 डॉलर प्रति औंस हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि इस्राइल-ईरान तनाव को लेकर संघर्ष विराम की संभावना ने सोने के व्यापारियों के बीच मंदी की भावना को बढ़ा दिया है। यह बदलाव उन खबरों के बाद आया है,

Share Market Opening

मामूली गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों का हाल जानिए

बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 138.64 अंक या 0.16 प्रतिशत गिरकर 81,444.66 अंक पर बंद हुआ था। जबकि एनएसई निफ्टी 41.35 अंक या 0.17 प्रतिशत गिरकर 24,812.05 अंक पर बंद हुआ था। आइए जानते हैं आज का हाल..पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 253.62 अंक गिरकर 81191.04 पर खुला। जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.95 अंक गिरकर 24738.10 पर खुला। हालांकि, बाद में दोनों बेंचमार्क सूचकांकों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और वे सपाट कारोबार कर रहे थे। बीएसई बेंचमार्क 39.09 अंक बढ़कर 81,483.75 पर और निफ्टी 22.70 अंक बढ़कर 24,835.70 पर कारोबार कर रहा था। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे गिरकर 86.57 पर आ गया।

गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार में लौटी हरियाली

इससे पहले मंगलवार को सेंसेक्स 212.85 अंक या 0.26 फीसदी गिरकर 81,583.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 93.10 अंक या 0.37 प्रतिशत गिरकर 24,853.40 अंक पर बंद हुआ था। आइए जानते हैं आज का हाल...बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद वापस उछले। विदेशी फंड के आने, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी के कारण बाजार में तेजी आई। कारोबार की कमजोर शुरुआत के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बाद में उछला और 93.05 अंक बढ़कर 81,676.35 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.80 अंक बढ़कर 24,896.20 **पर पहुंच गया। बाद में बीएसई बेंचमार्क 228.13 अंक बढ़कर 81,812.04 पर और निफ्टी 82.25 अंक चढ़कर 24,937.70 पर पहुंच गया।**

फ्लाइट कैंसिल होने से मेडिकल इमरजेंसी तक में मददगार

अहमदाबाद में भीषण विमान दुर्घटना जैसी अनहोनी यात्रा के दौरान ट्रैवल इंश्योरेंस की भूमिका को एक विकल्प से आगे बढ़कर जरूरत बना देती है। यात्रा के दौरान अगर आपको किसी भी मेडिकल इमरजेंसी, पासपोर्ट खो जाने या फ्लाइट कैंसिल हो जाने जैसी अप्रत्याशित स्थिति का सामना करना पड़े तो छुट्टियों का आनंद किरकिरा हो सकता है। यहीं पर ट्रैवल इंश्योरेंस आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के काम आता है।ट्रैवल इंश्योरेंस किसी एक देश ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए होता है। अगर आप दक्षिण-पूर्व जैसे क्षेत्र के लिए पॉलिसी खरीदते हैं, तो यह उस क्षेत्र के कई गंतव्यों को कवर करेगा, जिसमें थाईलैंड, बाली और आसपास के अन्य देश शामिल हैं।यात्रा करने से पहले ही ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी खरीद लेनी चाहिए। यात्री इसमें ट्रैवल की प्लानिंग कैंसिल होने से लेकर वीजा फी रिटर्न बेनिफिट को भी शामिल कर सकते हैं

ट्रैवल इंश्योरेंस किसी एक देश ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए होता है। अगर आप दक्षिण-पूर्व जैसे क्षेत्र के लिए पॉलिसी खरीदते हैं, तो यह उस क्षेत्र के कई गंतव्यों को कवर करेगा, जिसमें थाईलैंड, बाली और आसपास के अन्य देश शामिल हैं।

West Asia Unrest Aftermath

पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल युद्ध से वैश्विक व्यापार पर असर होने का खतरा है। जानकारों का अनुमान है कि माल ढुलाई लागत 50 फीसदी तक बढ़ जाएगी। निर्यातकों का कहना है कि युद्ध लंबे समय तक चला तो लाल सागर मार्ग से होने वाला माल निर्यात प्रभावित होगा।ईरान-इस्राइल युद्ध ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को और बढ़ा दिया है। इससे न सिर्फ भारत के निर्यात समेत वैश्विक व्यापार पर असर पड़ रहा है, बल्कि हवाई और समुद्री माल ढुलाई दरों के साथ बीमा शुल्क में भी बढ़ोतरी का भी जोखिम है। निर्यातकों का कहना है कि इस युद्ध के कारण यूरोप और रूस जैसे देशों को भारत का निर्यात प्रभावित हो सकता है। अगर युद्ध लंबे समय तक चलता रहा, तो ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य एवं लाल सागर जैसे मार्गों के जरिये व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित होगी।फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, वैश्विक व्यापार की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही थी, जो ईरान-इस्राइल तनाव बढ़ने से फिर से प्रभावित होगी। वहीं, मुंबई स्थित निर्यातक एवं टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष एसके सराफ ने कहा, मालवाहक जहाज धीरे-धीरे लाल सागर के मार्गों पर लौट आए हैं। इससे भारत और एशिया के अन्य हिस्सों से अमेरिका एवं यूरोप जाने में 15-20 दिन की बचत हो रही है। इस युद्ध के कारण मालवाहन जहाज अब फिर से लाल सागर मार्ग का इस्तेमाल करने से बचेंगे। सराफ ने आगे कहा, ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध अगर एक सप्ताह से अधिक समय

अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा के पद से इस्तीफा दिया

अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अमिताभ कांत को भारत के जी20 शेरपा के रूप में जुलाई 2022 में नियुक्त किया गया था। नियुक्ति भारत की ओर से जी20 की अध्यक्षता संभालने से कुछ महीने पहले की गई थी। उन्होंने अपनी सरकारी सेवा में 45 वर्षों के दौरान विविध कार्यभार संभाले।अमिताभ कांत लिंक्डइन पर 'माय न्यू जर्नी' शीर्षक से एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, '45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद मैंने नए अवसरों को अपनाने और जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। मैं जी20 शेरपा के रूप में मेरा इस्तीफा स्वीकार करने और मुझे कई विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का आभारी हूं। मैं भारत की वृद्धि, विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर देने के लिए भी भारत के प्रधानमंत्री का आभारी व्यक्त करता हूं।'उन्होंने आगे लिखा, '2023 में भारत की G20 अध्यक्षता का नेतृत्व करना मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। जटिल वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हमने नेताओं के घोषणापत्र पर सर्वसम्मति हासिल की और प्रमुख विकासात्मक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। भारत की G20 अध्यक्षता जन-केंद्रित और समावेशी थी, जिसकी बैठकें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की गईं। इसने सहकारी संघवाद को मजबूत किया, स्थानीय संस्कृति का जश्न मनाया और देशभर में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया। हमने G20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करने में भी सफलता सुनिश्चित की, जिससे वैश्विक समानता

और वैश्विक दक्षिण की आवाज के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पूरी हुई।'उन्होंने लिखा, 'नीति आयोग के सीईओ के रूप में मुझे आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसे पथ-प्रदर्शक कार्यक्रमों का नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला, जिसने भारत के 115 सबसे अविकसित जिलों में आम नागरिकों के जीवन को बदल दिया। हमने भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की नींव रखने में मदद की और विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत सुधारों को आगे बढ़ाया। विनिर्माण से लेकर पीएलआई योजनाओं तक, अटल इनोवेशन मिशन के माध्यम से नवाचार और ग्रीन हाइड्रोजन

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91 7088120612



शुभमन की टीम के सामने तीन विदेशी दौरे

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को भी इस बार कठिन चुनौतियां मिली हैं और उनके लिए स्थिर बने रहना बड़ी चुनौती होगी। वहीं, पाकिस्तान को एक बार फिर आसान विदेशी दौरे मिले हैं, लेकिन पहले भी ऐसा हुआ है और टीम फिसड्डी ही रही।विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र के समापन के साथ ही अब नए चक्र को लेकर बातें होनी शुरू हो गई हैं। इस चक्र को दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अपने नाम किया। तेम्बा बावुमा की टीम ने गत विजेता ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अब नए चक्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसकी शुरुआत 17 जून से हो जाएगी, जब श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें भिड़ेंगी। वहीं, टीम इंडिया 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ नए टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगी। यह डब्ल्यूटीसी का चौथा संस्करण होगा। इस दौरान अगले दो साल में नौ टीमों के बीच कुल 71 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इस चक्र में कई टीमें बदलाव के दौर से गुजरेंगी और एक नई शुरुआत करना चाहेगी। गुजरेंगी और एक नई शुरुआत करना चाहेगी।

बदलाव के दौर से गुजर रही कई टीमें

इसमें टीम इंडिया भी शामिल है, जो नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में इस चक्र में उतरेगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद से भारतीय टीम बदलाव के दौर में है। वहीं, इंग्लैंड की टीम के लिए भी जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना सफर आसान नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को भी इस बार कठिन चुनौतियां मिली हैं और उनके लिए स्थिर बने रहना बड़ी चुनौती होगी। वहीं, पाकिस्तान को एक बार फिर आसान विदेशी दौरे मिले हैं, लेकिन उनके लिए इससे पार पाना बड़ी चुनौती होगी। पाकिस्तान की टीम 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में आखिरी यानी नौवें स्थान पर रही थी

कौन सी टीम सबसे ज्यादा टेस्ट खेलेगी?

ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में सबसे ज्यादा 22 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम 21 मैच खेलेगी। इसके बाद 18 मैचों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड को 16 और दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज को 14-14 टेस्ट खेलने हैं। पाकिस्तान की टीम 13 और श्रीलंका-बांग्लादेश को 12-12 टेस्ट खेलने हैं। श्रीलंका, बांग्लादेश, भारत और इंग्लैंड के अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम इस चक्र में अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। इसकी शुरुआत 25 जून से होने जा रही है। वहीं, चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की टीम अपने 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ अक्तूबर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। कम टेस्ट मैच होने की वजह से दक्षिण

IND vs ENG: इस दिन भारतीय टीम से दोबारा जुड़ेंगे

कोच गौतम गंभीर, सीरीज से पहले भारत के लिए आई राहत की खबर

भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा और उससे पहले ही गंभीर एक बार फिर टीम से जुड़ जाएंगे।इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले भारतीय टीम के लिए राहत की खबर आई है। पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत लौटे मुख्य कोच गौतम गंभीर मंगलवार को दोबारा टीम से जुड़ेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा और उससे पहले ही गंभीर एक बार फिर टीम से जुड़ जाएंगे। गंभीर की मां को दिल अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था जिस कारण भारतीय मुख्य कोच को स्वदेश लौटना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, गंभीर की माता की स्थिति अभी ठीक है और वह कल रवाना होंगे तथा उसी दिन टीम के साथ जुड़ जाएंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच दर्शकों के बिना खेले गए इंट्रा-स्क्वाड मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे, बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने पांच मैचों की इस सीरीज से पहले टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी। शुभमन गिल की अगुआई

IND vs ENG: 'स्पिनरों को मदद

अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव को खुद से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वह रवींद्र जडेजा के साथ काफी समय बिता रहे हैं और अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि इंग्लैंड का विकेट यानी पिच स्पिनरों के लिए मददगार है। उन्होंने 'इंट्रा स्क्वॉड' अभ्यास मैच के दौरान कहा, विकेट (पिच) स्पिनरों के लिए अच्छा है। यह बल्लेबाजी के लिए भी अच्छा है। पहले दिन,नमी थी तेज गेंदबाजों को मदद मिली लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, स्पिनरों ने मैच में अपना दबदबा बनाया। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा।अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव को खुद से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वह रवींद्र जडेजा के साथ काफी समय बिता रहे हैं और अभ्यास कर रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की

यूरोप दौर का समापन किया

निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिये हुआ जिसमें भारतीय टीम को हार मिली।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे के अंतिम मैच में मेजबान नीदरलैंड से 2-3 से शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी। लगातार चार जीत (तीन बेल्जियम के खिलाफ और एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के साथ मैच में उतरी भारतीय टीम ने तकनीकी रूप से मजबूत डच टीम के खिलाफ धैर्य और संयम का परिचय दिया, जो एक कड़े मुकाबले में बदल गया। दोनों टीमों ने चार क्वार्टर में कई गोल करने के अवसर बनाए, लेकिन दोनों छोर पर अनुशासित बचाव और प्रभावशाली गोलकीपिंग की बदौलत कोई भी पक्ष गतिरोध को नहीं तोड़ सका। मैच शूटआउट तक पहुंचा, जहां लालरिनपुई और प्रियंका यादव ने भारत के लिए अपने मौके बनाए। हालांकि, नीदरलैंड्स ने इमे डे लीउ, रूस अल्केमाडे और लोटे रस्ट के सफल हमलों से बढ़त हासिल कर ली। यूरोपीय दौरा दिसंबर में होने वाले महिला जूनियर विश्वकप की तैयारी का हिस्सा था।निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिये हुआ जिसमें भारतीय टीम को हार मिली। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे के अंतिम मैच में मेजबान नीदरलैंड से 2-3 से शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी।